आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत के आम ने वैश्विक बाजार तक अपनी पहचान बनाई है और आम देश की कृषि अर्थव्यवस्था के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने काशी के लंगड़ा, महाराष्ट्र के अल्फाजो और गुजरात के केसर सहित आम की अन्य प्रमुख किस्मों की चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है।

नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील भी की है।

नगर निगम

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के तीन नगर निगमों में शानदार जीत हासिल कर पूर्ण बहुमत प्राप्त किया है। राज्य में 17 मई को 4 नगर निगमों में वोट डाले गए थे, जिनकी आज मतगणना की गई। धर्मशाला, सोलन और मंडी नगर निगम पर भाजपा ने कब्जा किया है जबकि पालमपुर नगर निगम के चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने जीत हासिल की है। धर्मशाला नगर निगम में कुल 17 वार्डों में से भाजपा ने 11, कांग्रेस ने 5 और निर्दलीय प्रत्याशी ने एक वार्ड पर जीत हासिल की है। इसी प्रकार सोलन नगर निगम में भाजपा को 10 सीटे मिली हैं जबकि कांग्रेस पार्टी को 6 वार्डों में ही जीत हासिल हुई है। एक वार्ड पर निर्दलीय प्रत्याशी ने चुनाव जीता है। मंडी नगर निगम में 15 वार्डों में से इस बार 14 वार्डों में ही मतदान हुआ, इनमें से 12 पर भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस के खाते में सिर्फ एक सीट गई है। इसके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी को एक वार्ड में जीत मिली है। उधर पालमपुर नगर निगम पर कांग्रेस पार्टी ने कब्जा किया है। शहर के कुल 15 वार्डों में से 11 पर कांग्रेस और 4 वार्डों में भाजपा को जीत मिली है।

सुरेश कश्यप–प्रतिक्रिया

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने सोलन सहित प्रदेश के तीन नगर निगम चुनावों में पार्टी की जीत पर खुशी जताई है। उन्होंने आज सोलन में कहा कि इस जीत से ये स्पष्ट हो गया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएगी। सुरेश कश्यप ने कहा कि इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियों को जाता है। उन्होंने भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने के लिए मतदाताओं का आभार जताया।

मतगणना–पंचायतीराज

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को हुए ज़िला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना भी आज की गई। हालांकि ज़िला परिषद और बीडीसी के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए गए लेकिन भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियां अपने–अपने समर्थित उम्मीदवारों की जीत के दावे कर रही हैं। प्रदेश में ज़िला परिषद की कुल दो सौ 51 और पंचायत समिति सदस्यों की एक हजार 6 सौ 69 सीटों पर हुए मतदान की आज सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू हुई। इनमें से अधिकतर सीटों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं और शेष बची सीटों पर भी मतगणना अंतिम चरण में है। तीन चरणों में हुए पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में लगभग 81 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले और मतदान को लेकर सभी आयु वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया।